# मसिक फल अक्टूबर

**मेष** इस मास पत्नी के भाग्य से आपको रूके हुए कार्यो में सफलताएं मिलेंगी। राजनैतिक व सामाजिक क्षेत्रा में आपका नाम होगा। ऑफिस में निम्न वर्ग के लोग आपका विशेष आदर करेंगे। धार्मिक स्थान की यात्राा आपको लाभकारी रहेगी। शत्राुओं पर काबू पा सकते हैं। आप बेवजह संतान से परेशान हो सकते हैं। यदि आप विद्यार्थी हैं तो समय का सदुपयोग आपको लाभकारी रहेगा। महिला वर्ग इस समय में जेबखर्च संभाल कर करें, पति को सही सलाह दें। तारीख 4, 13, 14, 26, 27, 31 लाभकारी नहीं हैं।

**वृष** इस मास में कुछ अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आप अपने और जीवन साथी के स्वास्थ्य को लेकर परेशान रहेंगे। यात्राओं में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। घर में बहन बेटियों का आना जाना लगा रहेगा। किसी बुजुर्ग के आने से आपको शांति प्राप्त होगी। बच्चों की सलाह घर का खर्च बढ़ायेगी। विद्यार्थी वर्ग मनोवांछित फल प्राप्त करेंगे। ऑफिस में उच्च वर्ग के लोग आपकी सहायता लें। तारीख 1, 2, 6, 7, 15, 16 शुभ नहीं हैं।

**मिथुन** इस मास में आप शेयर्स बाजार से धन की प्राप्ति कर सकते हैं। वाहन का संचालन सोचसमझ कर करें। पत्नी के धार्मिक विचार आपके लिए लाभकारी रहेंगे। घर पर सुख सुविधाओं का सामान खरीदा जायेगा। राजनैतिक व सामाजिक क्षेत्रा में लोग आपसे नेतृत्व की उम्मीद करते हैं। सरकारी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर सोच समझ कर करें। ऑफिस में उच्च वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। विद्यार्थी अपने अध्यापकों के प्रशंसा के पात्रा बनेंगे। महिलाएं व बच्चे खर्च को बढ़ा सकते हैं। तारीख 3, 4, 8, 9, 17, 18 अशुभ हैं।

**कर्क** आप दांत दर्द से परेशान हो सकते हैं। पत्नी के स्वास्थ्य की गिरावट मानसिक चिंताओं को बढ़ायेगी। नये वाहन की खरीद के लिए सोच रहे हैं, तो समय का सदुपयोग करें। घर में भौतिक वस्तुओं का संग्रह होगा। आप पानी की बीमारियों से सावधान रहें। किसी बढ़े की सलाह से समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। विद्यार्थी वर्ग घर पर समय व्यतीत करें। महिलाएं घर के साजो सामान को नया रूप दें। नौकरीपेशा पदोन्नति प्राप्त करेंगे। 6, 7, 11, 12, 19, 20 शुभ नहीं हैं।

kundlicityemails.com

**सिंह** इस समय काफी सारे रूके हुए कामों पर कार्य किया जा सकता है। यात्र्ााओं को कुछ समय के लिए स्थगित करें। विद्यार्थी वर्ग बढ़बोले न बनें। अपनी संतान की अच्छाईयों को आप समझें। बहन बेटियों के आने से घर में खर्च की बढ़ोत्तरी होगी। धन प्राप्ति के विशेष योग बन रहे हैं। कुछ पुराने मित्रों से मुलाकात से मानसिक सुखों की प्राप्ति होगी।  खाने पीने का विशेष ध्यान आपको पेट की बीमारियों से बचायेगा। राजनैतिक व सामाजिक क्षेत्रा में सभी सलाह के कायल रहेंगे। 8, 9, 13, 14, 22 हितकर नहीं हैं।

**कन्या** घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करके खुशी प्राप्त होगी। संतान से किसी बात पर विरोध हो सकता है। सट्टा बाजार से आपको लाभ होने के भरपूर योग हैं। व्यापारिक क्षेत्रा से आपको अनापेक्षित लाभ प्राप्त होगा। कुछ समय के लिए यात्र्ााओं को स्थगित कर दें। विद्यार्थी वर्ग मित्रा मण्डली को त्याग कर बढ़ों की सलाह मानें। यदि आप महिला हैं तो जीवन साथी के साथ जीवन व्यतीत करें। ऑफिस में महिला वर्ग आपकी सहायता करेंगी। 11, 12, 15, 16, 24, 25 अशुभ हैं।

**तुला** इस मास में आपको बहुत अधिक लाभ रहेगा। पत्नी का भाग्य भी आपके बराबर साथ चलेगा। परन्तु खर्च की अधिकता मन को परेशान कर सकती है। किसी बुजुर्ग का हस्तक्षेप आपकी परेशानी का सबब़ बनेगा। व्यापारिक क्षेत्रा में अचानक नये लाभकारी अनुबंध होंगे। रूके हुए धन की प्राप्ति होगी। यदि आप विद्यार्थी हैं तो परिजनों से विरोध न करें। जीवन साथी आपके जेब खर्च को बढ़ायेगा। ऑफिस में निम्न वर्ग के लोग आपको परेशानी में डाल सकते हैं। महिला वर्ग पति को उचित सलाह दें। तारीख 13, 14, 17, 18, 26, 27 हितकर नहीं हैं।

**वृश्चिक** इस मास में लाभ से ज्यादा आपका व्यय रहेगा। पति पत्नी परिवार हित कहीं यात्र्ाा करके मानसिक शांति प्राप्त करेंगे। किसी की जिम्मेदारी लेना या उधार देना आपको मंहगा पड़ सकता है। आपकी मधुर वाणी व्यापार को बढ़ायेगी। कुछ पुराने लोगों से व्यापारिक क्षेत्रा में संबंध स्थापित होंगे। परिजनों के व्यवहार से मन में रोष का वातावरण रहेगा। विद्यार्थी वर्ग परिजनों की सलाह से मार्ग प्रशस्त करेंगे। यदि आप महिला हैं तो जीवन साथी को सलाह व सहयोग दें। ऑफिस में उच्च वर्ग के लोग आपकी मदद करेंगे। तारीख 1, 7, 15, 16, 20, 27 हितकर नहीं हैं।

kundli.cityemails.com

**धनु** ईमानदारी सफलता की कुंजी है, यह समीकरण आपको लाभ देगा। सामाजिक व धार्मिक लोग आपकी सलाह के कायल रहेंगे। इस मास में आप अनापेक्षित धन प्राप्त करेंगे। आपका व्यय बहुत कम रहेगा। आप अपनी वाणी पर नियंत्राण करें। कुछ पुराने रूके हुए धन की प्राप्ति होगी। व्यापारिक क्षेत्रा में नये मसौदे तैयार होंगे। विद्यार्थी वर्ग समय से आगे की सोच प्राप्त करेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य में उत्तमता बरकरार रहेगी। महिलाओं को धन प्राप्ति होगी। घर पर भौतिक वस्तुओं का आगमन होगा। तारीख 3, 4, 17, 18, 21, 22 हितकर नहीं हैं।

**मकर** इस मास में आपको आय प्राप्ति के नये साधन मिलेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य के प्रति कुछ चिंता सतायेगी। किसी धार्मिक क्षेत्रा की यात्राा आपके लिए लाभकारी रहेगी। अपने बुजुर्गो पर खर्च करके आप सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। संतान पक्ष आपको व्यापार के नये तरीके बता सकती है। विद्यार्थी वर्ग खर्च पर नियंत्राण करें। महिलाएं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें और अपने समय को घर की साज सज्जा पर व्यतीत कर सकती हैं। छोटी उम्र वाले मित्रा मण्डली का त्याग कर समय का लाभ उठायें। आप सामायिक बीमारियों से परेशान होंगे। 6, 7, 19, 20, 24 शुभ नहीं हैं।

**कुंभ** इस मास में यात्राओं को स्थगित कर दें। आप पेट दर्द के शिकार हो सकते हैं। भाग्य से रूके हुए धन की प्राप्ति होगी। व्यापारिक क्षेत्रा में नये लोगों से मिलन आपको हितकर रहेगा। घर पर नयी वैभव वस्तुओं का आगमन होगा। उच्च वर्ग के लोग आपको लाभ देंगे। पत्नी पक्ष की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। विद्यार्थी वर्ग इस समय मित्रा मण्डली का त्याग कर पढ़ाई पर ध्यान दें। व्यापारिक अनुष्ठान पर कुछ नव निर्माण हो सकता है। धर्मिक क्षेत्रा के लोग आपसे दान की उम्मीद रखते हैं। तारीख 9, 10, 21, 22, 26, 27 अशुभ हैं।

**मीन** इस मास में आपको बहुत अधिक लाभ की प्राप्ति होगी। संतान पक्ष की बातों से मन में परेशानी बढ़ेगी। आपके स्वास्थ्य में उत्तमता बरकरार रहेगी। बहन बेटियों से आपको परेशानी होगी। कार्य क्षेत्रा में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन कर आप मानसिक परेशानी से छुटकारा पायेंगे। उम्र के साथ कुछ बीमारियां भी बढ़ जाती हैं। संयम से काम लें। विद्यार्थी वर्ग परिजनों की बातों का सम्मान करें। महिला वर्ग समय समय पर पति को सही सलाह दें और ाार्मिक क्षेत्रा की यात्राा करें। सोच समझ कर नये लोगों से मुलाकात करें। तारीख 11, 12, 24, 25, 28, 29 आपको परेशान कर सकती है।



kundlicityemails.com